## दिनांक 18.06.2025 को सह निदेशक प्रसार शिक्षा, बिहार कृषि विश्वविद्यालय, सबौर की अध्यक्षता में आहूत कृषि विज्ञान केन्द्र, शेखपुरा के वैज्ञानिक सलाहकार समिति की 21वीं बैठक की कार्यवाही

**उपस्थिति :- अलग से संधारित।**

बिहार कृषि विश्वविद्यालय, सबौर के सक्षम प्राधिकार के अनुमोदनोपरान्त, प्रसार शिक्षा निदेशालय, बि.कृ.वि. सबौर के पत्रांक 109 दिनांक 19.04.2025 के आलोक में कृषि विज्ञान केन्द्र, शेखपुरा के वैज्ञानिक सलाहकार समिति की 21वीं बैठक, सह निदेशक प्रसार शिक्षा, बिहार कृषि विश्वविद्यालय, सबौर की अध्यक्षता में आहूत की गयी। सर्वप्रथम अध्यक्ष महोदय द्वारा वैज्ञानिक सलाहकार समिति के सम्मानित सदस्यों का स्वागत किया गया। बैठक के प्रारम्भ में अध्यक्ष महोदय द्वारा 21वीं वैज्ञानिक सलाहकार समिति की बैठक के एजेन्डा पर प्रकाश डाला गया और बताया गया कि इस बैठक में कृषि विज्ञान केन्द्र, शेखपुरा द्वारा वर्ष 2024-25 में किये गये कार्यो का प्रगति प्रतिवेदन प्रस्तुत किया जायेगा। साथ ही वित्तीय वर्ष 2025-26 में किये जाने वाले कार्यो की कार्य योजना पर माननीय सदस्यगण का विचार एवं सुझाव प्राप्त किया जाना है। कृषि विज्ञान केन्द्र, शेखपुरा के 20वीं वैज्ञानिक सलाहकार समिति में लिये गये निर्णय एवं उक्त बैठक में माननीय सदस्यगण द्वारा प्रदान की गयी अनुशंसा का फलाफल माननीय सदस्यगण के समक्ष प्रस्तुत किया जायेगा।

21वीं वैज्ञानिक सलाहकार समिति की बैठक का प्रारम्भ कृषि विज्ञान केन्द्र के वरीय वैज्ञानिक एवं प्रधान द्वारा 20वीं बैठक में लिये गये निर्णय की प्रगति प्रस्तुत की गयी, जिसे सदन के द्वारा सम्पुष्ट किया गया। इसी क्रम में वरीय वैज्ञानिक एवं प्रधान के द्वारा कृषि विज्ञान केन्द्र, शेखपुरा का वार्षिक प्रगति प्रतिवेदन (2024-25) सदन के समक्ष प्रस्तुत किया गया, जिसपर वैज्ञानिक सलाहकार समिति के सदस्यों ने संतोष व्यक्त किया। कृषि विज्ञान केन्द्र द्वारा कृषि के विकास हेतु वर्ष 2025-26 में किसानों का प्रशिक्षण, उनके खेतों में कृषि संबंधी समस्याओं के निवारण हेतु लगाये जाने वाले परीक्षण, उन्नत तकनीकों के त्वरित हस्तानान्तरण हेतु आयोजित किये जाने वाले प्रत्यक्षण (सभी प्रकार के), बीज/पौध सामग्री उत्पादन, प्रथम पंक्ति प्रसार गतिविधियों आदि की कार्ययोजना वरीय वैज्ञानिक एवं प्रधान द्वारा प्रस्तुत की गयी। कृषि विज्ञान केन्द्र, के द्वारा विकसित वार्षिक कार्य योजना 2025-26 पर वैज्ञानिक सलाहकार समिति के सदस्यों ने अपना विचार/सुझाव प्रस्तुत किया गया। वैज्ञानिक सलाहकार समिति की बैठक के दौरान कृषि एवं संबंद्ध विभाग के नामित पदाधिकारियों ने राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ प्राप्त करने हेतु किसानों को जागरूक किया और सरकार की लोक कल्याणकारी योजनाओं/कार्यक्रमों का लाभ लेने का आवाहन किया। कृषि विज्ञान केन्द्र, शेखपुरा के वैज्ञानिक सलाहकार समिति की 21वीं बैठक में केन्द्र के प्रगति प्रतिवेदनः 2024-25 और वार्षिक कार्ययोजना 2025-26 पर सभी सदस्यगण ने गहन चर्चा की चर्चा के उपरान्त वैज्ञानिक सलाहकार समिति की बैठक में निम्नलिखित सुझाव देकर आवश्यक निर्णय लिया गया-

1. सदन के द्वारा सुझाव दिया गया कि वैज्ञानिक सलाहकार समिति की बैठक सम्पन्न होने के बाद महत्वपूर्ण सुझाव एवं कार्यवाही की प्रति को कृषि विज्ञान केन्द्र के पत्रांक/दिनांक के द्वारा अगली बैठक के 15 दिन पहले सभी सदस्यों को भेजा जाय।

*(अनुपालनः- वरीय वैज्ञानिक एवं प्रधान, कृ.वि.के.,शेखपुरा)*

2. अध्यक्ष महोदय द्वारा बताया गया की वैज्ञानिक सलाहकार समिति की बैठक में नामित पुराने कृषकों (जिनकी सदस्यता दो वर्ष पूर्ण हो गयी है) की जगह नये किसानों की सूची विश्वविद्यालय के सक्षम प्राधिकार के अनुमोदन हेतु यथासमय भेजी जाय।

*(अनुपालनः- वरीय वैज्ञानिक एवं प्रधान, कृ.वि.के.,शेखपुरा]*

3. वैज्ञानिक सलाहकार समिति के कार्यवाही प्रतिवेदन की प्रस्तुति में कृत कारवाई का पत्रांक एवं दिनांक उल्लेखित किया जाय।

*[अनुपालन- वरीय वैज्ञानिक एवं प्रधान, कृ.वि.के., शेखपुरा]*

4. जिला स्तरीय से सजीव संवाद बनाये रखने के लिये पदाधिकारियों व्हाट्सअप ग्रुप में सदस्यों की संख्या में वृद्धि की जाय।

*[अनुपालन - वरीय वैज्ञानिक एवं प्रधान, कृ.वि.के., शेखपुरा]*

5. मोटे अनाज की खेती के डाटा में क्षेत्रफल, फसल सिंचाई संबंधी डाटा की समीक्षा की जाय।

*(अनुपालन- विषय वस्तु विशेषज्ञ, संबंधित/ वरीय वैज्ञानिक एवं प्रधान, कृ.वि.के., शेखपुरा)*

6. वैज्ञानिक सलाहकार समिति के प्रतिवेदन में सांख्यिकी कोषांग विभाग और योजना विकास विभाग के डाटा को ही प्रदर्शित किया जाय।

*[अनुपालन-वरीय वैज्ञानिक एवं प्रधान, कृ.वि.के., शेखपुरा]*

7. विकसित कृषि संकल्प अभियान (29 मई से 12 जून, 2025 तक) के क्रम में किसानों से प्राप्त फीडबैक को लिपिबद्ध करके उसे कृषि विज्ञान केन्द्र की कार्य योजना में शामिल किया जाय।

*(अनुपालन- विषय वस्तु विशेषज्ञ, संबंधित/ वरीय वैज्ञानिक एवं प्रधान, कृ.वि.के., शेखपुरा)*

8. दलहन, तेलहन एवं अनाज फसलों के लिए अग्रिम पंक्ति प्रत्यक्षण ICAR के Main Head से नहीं किया जाय। अन्य उन्नत तकनीकी का अग्रिम पंक्ति प्रत्यक्षण ICAR निधि से किया जाय।

*[अनुपालन- विषय वस्तु विशेषज्ञ/ वरीय वैज्ञानिक एवं प्रधान, कृ.वि.के., शेखपुरा]*

9. वैज्ञानिक सलाहकार समिति के प्रतिवेदन में वर्णित OFT 3 एवं 4 के डाटा की पुनः समीक्षा की जाय एवं OFT 4 के किसानों का पूरा डाटा अटारी, पटना को भेजा जाय।

*[अनुपालन-विषय वस्तु विशेषज्ञ (सबंधित), वरीय वैज्ञानिक एवं प्रधान, कृ.वि.के., शेखपुरा]*

10. कृषि विज्ञान केन्द्र, शेखपुरा के प्रक्षेत्र में उत्पादित धान की प्रोसेसिंग कृषि विज्ञान केन्द्र, लखीसराय में करवाने हेतु अनुरोध किया जाय।

*[अनुपालन-प्रभारी पदाधिकारी (प्रक्षेत्र), वरीय वैज्ञानिक एवं प्रधान, कृ.वि.के., शेखपुरा]*

11. कृषि विज्ञान केन्द्र, शेखपुरा के प्रक्षेत्र में बीज उत्पादन कार्यक्रम में सबौर हर्षित प्रभेद की समीक्षा की जाय।

*[अनुपालन-प्रभारी पदाधिकारी (प्रक्षेत्र/प्रबंधक), वरीय वैज्ञानिक एवं प्रधान, कृ.वि.के., शेखपुरा]*

12. जिला कृषि पदाधिकारी, आत्मा एवं कृषि विज्ञान केन्द्र के संयुक्त सहयोग से मशीन मरम्मती के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया जाय।

*[अनुपालन-प्रभारी पदाधिकारी, वरीय वैज्ञानिक एवं प्रधान, कृ.वि.के., शेखपुरा]*

13. कृषि विज्ञान केन्द्र द्वारा फसल अवशेष प्रबन्धक विषयक आयोजित प्रत्येक प्रशिक्षण में किसानों को पराली नहीं जलाने हेतु जागरूक किया जाया।

*[अनुपालन-सभी विषय वस्तु विशेषज्ञ (सबंधित), वरीय वैज्ञानिक एवं प्रधान, कृ.वि.के., शेखपुरा]*

14. समिति जिले में श्री अन्न की खेती, प्रसंस्करण एवं विपणन बाजार को बढ़ावा देने हेतु किसानों को जागरूक एवं प्रशिक्षित किया जाय।

*[अनुपालन-विषय वस्तु विशेषज्ञ (सबंधित), वरीय वैज्ञानिक एवं प्रधान, कृ.वि.के., शेखपुरा]*

15. जीविका दीदी के माध्यम से प्राकृतिक खेती को विस्तारित करने हेतु प्रशिक्षण कैलेन्डर बनाकर जिला कार्यक्रम पदाधिकारी को समर्पित किया जाय।

*(अनुपालनः- वरीय वैज्ञानिक एवं प्रधान, कृ.वि.के.,शेखपुरा)*

16. आगामी वित्तीय वर्ष 2025-26 हेतु सचिव, कृषि विभाग, बिहार की अध्यक्षता में जलवायु अनुकूल हेतु योजना के सूत्रण से संबंधित बैठक की कार्यवाही का अनुपालन बिन्दुवार शत्-प्रतिशत किया जाना सुनिश्चित किया जाय।

*[अनुपालन-विषय वस्तु विशेषज्ञ (सबंधित), वरीय वैज्ञानिक एवं प्रधान, कृ.वि.के., शेखपुरा]*

17. किसानों की आमदनी बढ़ाने के लिए प्रशिक्षण एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन जिले के संबंधित विभागों से समन्वय स्थापित किया जाय।

*[अनुपालनः- विषय वस्तु विशेषज्ञ (सभी)/ वरीय वैज्ञानिक एवं प्रधान, कृ.वि.के.,शेखपुरा]*

18. कृषि विज्ञान केन्द्र, शेखपुरा द्वारा DAESI प्रशिक्षण कार्यक्रम यथाशीघ्र प्रारंभ किया जाय।

*[अनुपालनः- वरीय वैज्ञानिक एवं प्रधान, कृ.वि.के.,शेखपुरा]*

19. कृषि विज्ञान केन्द्र, शेखपुरा के समेकित कृषि प्रणाली के मॉडल के अधूरे कार्यों को पूर्ण करने के लिये निदेशक, कार्य एवं संयंत्र, बिहार कृषि विश्वविद्यालय सबौर को पत्र भेजा जाय एवं नियंत्री पदाधिकारी को भी सूचित किया जाय।

*(अनुपालनः- वरीय वैज्ञानिक एवं प्रधान, कृ.वि.के.,शेखपुरा]*

अन्त में, धन्यवाद ज्ञापन के साथ वैज्ञानिक सलाहकार समिति की बैठक संपन्न हुई।

आदेशानुसार, सह–निदेशक प्रसार शिक्षा
बिहार कृषि विश्वविद्यालय, सबौर, भागलपुर

29/07/2025
वरीय वैज्ञानिक एवं प्रधान
कृषि विज्ञान केन्द्र, शेखपुरा

**ज्ञापांक सं०:.** 05

**दिनांकः** 29/07/2025

**प्रतिलिपि**

- वैज्ञानिक सलाहकार समिति के सभी सदस्यों को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।
- कृषि विज्ञान केन्द्र, शेखपुरा के सभी कर्मियों को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।
- उप निदेशक प्रशिक्षण/सह निदेशक प्रसार शिक्षा/निदेशक प्रसार शिक्षा, बि.कृ.वि., सबौर, भागलपुर को सूचनार्थ प्रेषित।
- निदेशक, भा.कृ.अनु.परि.-अटारी, पटना को सादर सूचनार्थ प्रेषित।

29/07/2025
वरीय वैज्ञानिक एवं प्रधान
कृषि विज्ञान केन्द्र, शेखपुरा